माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ

drishtiias.com/hindi/printpdf/vocational-education-program-launched-in-secondary-schools

चर्चा में क्यों?

27 अगस्त, 2021 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने **राज्य के 200 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ** किया तथा राज्य के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व अध्यापकों से **वर्चुअल संवाद** भी किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने **शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति की राशि को 250 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए** करने और इसके **लाभान्वितों की संख्या को 11 से बढ़ाकर 100 करने** की घोषणा की। उन्होंने **श्रीदेव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति की राशि को 150 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए करने** की भी घोषणा की।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम में **8 ट्रेड** प्रारंभ किये गए हैं। इससे हमारे बच्चों का **स्किल डेवलपमेंट** होगा, जो कि उनके करियर में सहायक होगा।
- उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के राजकीय विद्यालयों के 10वीं और 12वीं के छात्र/छात्राओं को **प्रीलोडेड कंटेंट के साथ मोबाइल टैबलेट** जल्द उपलब्ध कराएगी। 500 विद्यालयों में वर्चुअल क्लास की स्थापना की गई है, जबकि 600 और विद्यालयों में वर्चुअल क्लास प्रस्तावित हैं। सभी विद्यालयों में **एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य** की गई हैं। 189 अटल उत्कृष्ट विद्यालय सीबीएसई मान्यता के साथ इंग्लिश मीडियम में प्रारंभ किये गए हैं।
- शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने कहा कि उत्तराखंड में स्कूल एजुकेशन में विषयवार अध्यापकों की नियुक्ति की गई है, अतिथि शिक्षकों का वेतन 15 हज़ार रुपए से बढ़ाकर 25 हज़ार रुपए करने का निर्णय लिया गया है।
- गौरतलब है कि **नीति आयोग द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता में उत्तराखंड को चौथे स्थान** पर रखा गया है।